भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1937

उत्तर देने की तारीख 22 सितम्बर, 2020
31 भाद्रपद, 1942 (शक)

इंफाल में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय

1937. डा.आर.के. रंजनः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या इंफाल में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के निर्माण का कार्य आरंभ नहीं हुआ है और यदि हां, तो आज की तिथि तक कार्य की प्रगति क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) जी, हां। इंफाल में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय (एनएसयू) का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। फेंसिंग कार्य के सीमांकन और टीला समतलीकरण के लिए स्थल के विकास का कार्य पूरा कर लिया गया है। निर्माण एजेंसी के साथ किए गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार निर्माण संबंधी अन्य कार्यकलाप शुरू कर दिए गए हैं।

(ख) उपर्युक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

*****